तब मयना हिमवंतु अनंदे । पुनि पुनि पारबती पद बंदे ।।
पारबती भल अवसरु जानी । गईं संभु पहिं मातु भवानी ।।
|| Ram Katha 967 – ※मानस वन्दे मातरम || Mumbai || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535


# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 131 | इंदौर, मंगलवार 25 नवंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


"जट यमला पगला दीवाना..."!
भारतीय सिनेमा के "हीमेन"..!!
सदाबहार सहज सरल
व्यक्तित्व के धनी..!!!
**हम सबके चहेते आदरणीय श्री धर्मेंदर पाजी का निधन एक अपूरणीय क्षति है**



**हम सभी का श्रद्धापूर्ण नमन... भावपुष्प समर्पयामि**



# पंचतत्व में विलीन हुए धर्मेंद्र

## ● सनी देओल ने दी मुखाग्नि, अमिताभ, सलमान, शाहरुख, हर आंख हुई नम

मुंबई, (एजेंसी) बॉलीवुड के %ही-मैन% धर्मेंद्र अब हमारे बीच नहीं रहे। सोमवार, 24 नवंबर को वह इस दुनिया को विदा कह गए। 89 साल की उम्र में धर्मेंद्र ने अपने जुहू स्थति घर पर ही अंतिम सांस ली है। लंबे समय से उनकी तबीयत नाजुक थी। उन्होंने 12 नवंबर को ही ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल से परिवार के कहने पर डिस्चार्ज किया गया था। इसके बाद से घर पर ही उनका इलाज चल रहा था। धर्मेंद्र का अंतिम संस्कार विले पार्ले सथित पवन हंस श्मशान भूमि में किया गया




है। इस दौरान पूरा देओल परिवार और कई सिनेमाई दिग्गज नजर आए। हेमा मालिनी, ईशा देओल, सनी देओल, बॉबी देओल से लेकर अमिताभ बच्चन भी इस दौरान आंखों में आंसू समेटे मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि धर्मेंद्र को मुखाग्नि उनके बड़े बेटे सनी देओल ने दी है। उनके निधन ने पूरे देश को शोक की लहर में डुबो दिया है।

धर्मेंद्र का जाना, हिंदी सिनेमा के एक युग के अंत जैसा है। यह दुखद और आंख नम कर देने वाला ही है कि सोमवार को ही उनकी अगली फिल्म इक्कीस का मोशन पोस्टर रिलीज हुआ है। पिछले करीब एक महीने से धर्मेंद्र को सांस लेने सम्बंधी समस्या हो रही थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था। वहां हालत नाजुक होने के बाद उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया। हालांकि, तमाम कोशिशों के बाद भी धर्मेंद्र उम्र और बीमारी के आगे जिंदगी की जंग हार गए।









1. 'हुई शाम उनका ख्याल आ गया, वही जिंदगी का सवाल आ गया'...
2. 'देखा है तेरी आँखों में प्यार ही प्यार बेशुमार, पाया है तेरी बातों में प्यार ही प्यार बेशुमार' ....
3. 'झिलमिल सितारों का आंगन होगा, रिमझिम बरसता सावन होगा, ऐसा सुंदर सपना अपना जीवन होगा'...
4. रफ्ता रफ्ता देखो....
5. 'पल-पल दिल के पास तुम रहती हो, जीवन मीठी प्यास ये कहती हो'...
6. 'गाड़ी बुला रही है, सीधी बजा रही है, चलना ही जिंदगी है, चलती ही जा रही है'....
7. मैं जट यमला पगला दीवाना...
8. 'ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे, तोड़ेंगे दम मगर, तेरा साथ न छोड़ेंगे'....
9. आजा तेरी याद आयी...
10. 'हम बेवफा हरगिज ना थे, पर हम वफा कर ना सके, हम को मिली उसकी सजा, हम जो खता कर ना सके'.









**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिवम वर्मा पहुंचे गौतमपुरा**

# मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिवम वर्मा आज इंदौर जिले के गौतमपुरा पहुंचे। गौतमपुरा में उन्होंने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 26 नवंबर को गौतमपुरा में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा भी की। इस अवसर पर विधायक श्री मनोज पटेल, एसडीएम श्री राकेश मोहन त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

गौतमपुरा में हेलीपेड स्थल, सभा स्थल एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव के रोड शो मार्ग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार टप्पा गौतमपुरा श्री कुलदीप सिंह एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, पी.डब्ल्यूडी, नगर परिषद देपालपुर, चिकित्सा विभाग, खाद्य विभाग, बिजली विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। कलेक्टर श्री वर्मा ने रोड शो मार्ग पर सड़क की मरम्मत, साफ-सफाई, विद्युत लाईन के तारों को ऊँचा करने, कार्यक्रम स्थल पर मंच, पेयजल, साफ-सफाई, आवश्यकतानुसार चलित शौचालय, विद्युत व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, बेरिकेटिंग आदि के संबंध में समीक्षा की आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर श्री वर्मा ने गौतमपुरा के शासकीय विद्यालय पहुंचकर वहां चल रहे 12 मतदान केन्द्रों के मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया। बताया गया कि पुनरीक्षण का कार्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गये निर्देशों के अनुसार तेजी से जारी है। श्री वर्मा ने कार्य में लगे बूथ लेवल अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों का हौंसला बढ़ाया और कहा कि यह कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाये। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों को सम्मानित किया जायेगा।

# आबकारी इंदौर की अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही

## अवैध मदिरा के साथ पेशेवर गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज अग्रवाल, उड़नदस्ता प्रभारी श्री कमलेश सोलंकी, एडीईओ श्री जय सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में वृत्त सांवेर वृत प्रभारी त्रिअंबिका शर्मा ने मुखबिर की सूचना पर अपनी टीम के साथ चामुंडा माता मंदिर के पास दबिश देकर अवैध रूप से संग्रहित की 56.73 बल्क लीटर अवैध शराब जप्त कर आरोपी संजय गौड़ पिता राजेंद्र गौड़ निवासी सांवेर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के, एवं 34(2) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर गैर जमानती अपराध होने पर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल दाखिल कराया गया है। जब्त मदिरा



की कुल कीमत 36000/-रुपए आंकी गई है। आरोपी संजय गौड़ के खिलाफ आबकारी में अवैध रूप से शराब के संग्रहण के प्रकरण पूर्व में भी पंजीबद्ध हैं। आज की कार्यवाही में सांवेर वृत्त के आबकारी आरक्षक कैलाश अखंडे, संजय सिंगार और ड्राइवर करण का सराहनीय योगदान रहा ।

**● दूरस्थ ग्रामों में समस्याओं के निराकरण की दिशा में कलेक्टर श्री वर्मा की सार्थक पहल**

# ग्राम गाजिन्दा में मुक्ति धाम का निर्माण पूर्ण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा हाल ही में इंदौर जिले के दूरस्थ अंचल के ग्राम गाजिन्दा में किए गए भ्रमण और ग्रामीणों से हुए प्रत्यक्ष संवाद के सार्थक परिणाम तेजी से सामने आ रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा बताई गई विभिन्न समस्याओं पर प्रशासन द्वारा तुरंत कार्यवाही की गई, जिसके चलते अनेक समस्याओं का प्रभावी निराकरण हो चुका है।**

इन्हीं में से एक प्रमुख समस्या मुक्तिधाम के निर्माण की थी, जिसकी आवश्यकता ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के समक्ष रखी गई थी। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए स्थानीय जनपद पंचायत द्वारा मुक्ति धाम तक पहुंच मार्ग का निर्माण पूर्ण किया गया है तथा मुक्तिधाम में शेड का निर्माण भी कर दिया गया है। इस कार्य से ग्रामीणों



ने प्रसन्नता व्यक्त की है और प्रशासनिक संवेदनशीलता और त्वरितता की सराहना की है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए यह सार्थक पहल है।

# संघ के सर-कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले प्रमुखजनों के साथ करेंगे मंथन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **आरएसएस सर-कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले इस माह के आखिर में इंदौर प्रवास पर रहेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में 30 नवंबर को इंदौर में बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में संघ से सर-कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले इंदौर के प्रबुद्ध-जनों से चर्चा करेंगे। इस चर्चा में समाज में संघ की भूमिका पर प्रकाश डाला जाएगा।**

संघ के द्वारा अपने शताब्दी वर्ष में देश के नागरिकों को संघ से जोड़ने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत



देश के अलग-अलग शहरों में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी जाकर अलग-अलग कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं और नागरिकों के साथ संवाद कर रहे हैं। इस कड़ी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मालवा प्रांत की इकाई के द्वारा 30 नवंबर को रवींद्र नाटय ग्रह एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए संघ के राष्ट्रीय सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले इंदौर आ रहे हैं। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए इंदौर शहर के प्रमुख उद्योगपति, व्यापारी, डॉक्टर, इंजीनियर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, कंपनी सेक्रेटरी, समाचार पत्रों के संपादक, सामाजिक कार्यकर्ता आदि को बुलाया जा रहा है। इन सभी को निमंत्रित करने का कार्य शुरू हो गया है। यह कार्यक्रम केवल आमंत्रित व्यक्तियों के लिए होगा। इस कार्यक्रम में होसबाले के द्वारा संघ के 100 साल के सफर पर जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही समाज के सामने मौजूद मुद्दों पर संघ के विचार भी स्पष्ट किए जाएंगे।

# मैरिज गार्डन के पास पकड़ा गौमांस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। महू में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गोमांस जब्त किया है। यह घटना सोमवार दोपहर को सिमरोल रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे एक निजी मैरिज गार्डन के पास हुई। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने सिमरोल रोड फ्लाईओवर ब्रिज पर गोमांस फेंककर चक्का जाम कर दिया और विरोध प्रदर्शन किया।**

## सूचना के बाद वैन से जब्त किया गोमांस

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक शादी समारोह में मारुति वैन से गोमांस लाया गया है। इसके बाद मौके पर पहुंचे कार्यकर्ताओं ने वैन से बड़ी संख्या में गोमांस जब्त कर लिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने वैन में तोड़फोड़ भी की। इस दौरान वैन चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को शांत करने का प्रयास किया। हालांकि, प्रदर्शनकारी बजरंग दल के कार्यकर्ता सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। बजरंग दल के जिला संयोजक शुभम ठाकुर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि खान कॉलोनी के पास एक निजी मैरिज गार्डन में शादी समारोह में गोमांस पकाया जाएगा। कार्यकर्ताओं के पहुंचने पर एक वैन में गोमांस पकड़ा गया। ठाकुर ने यह भी आरोप लगाया कि महू से रोजाना बड़ी संख्या में गोमांस की तस्करी हो रही है। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी राहुल शर्मा भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

# चंद्रशेखर रावण की रैली में शामिल होंगी रोहिणी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भीम आर्मी चीफ और उत्तर प्रदेश के सांसद चंद्रशेखर आजाद 'रावण' की मुजफ्फर नगर के राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में होने वाली संविधान रैली से पहले सोशल मीडिया पर नया विवाद खड़ा हो गया है। रैली भले राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों के लिए रखी गई हो, लेकिन यह चंद्रशेखर की एक्स गर्लफ्रेंड डॉ. रोहिणी घावरी के तीखे पोस्ट के चलते अचानक सुर्खियों में आ गई है।**



इंदौर की रहने वाली डॉ. रोहिणी घावरी ने सोशल मीडिया पर चंद्रशेखर को सीधे लहजे में चुनौती देते हुए लिखा- "चंद्रशेखर के मंच से अगर किसी ने मुझे हाथ भी लगाया तो पूरा देश देखेगा इसका महिला सम्मान।"

उन्होंने आगे लिखा कि चंद्रशेखर समाज को भ्रमित कर मुख्यमंत्री बनने के सपने देख रहा है, जबकि अब वह उसकी संसदीय ताकत को भी चुनौती देने में पीछे नहीं हटेंगी। पोस्ट में रोहिणी ने कहा- "तेरे आकाओं को ही तेरे खिलाफ कर दिया मैंने। अब उसका असर देख, बैठ के क्या-क्या होता है।" रोहिणी के इन पोस्टों के बाद न सिर्फ सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है, बल्कि रैली को लेकर पुलिस और प्रशासन भी अतिरिक्त सतर्कता बरतने में जुट गया है। अब सबकी नजरें 26 नवंबर की रैली पर टिकी हैं, जहां दोनों के आमने-सामने आने की अटकलें भी लगाई जा रही हैं। रोहिणी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा- चंद्रशेखर के मंच पर जाने से पुलिस मुझे रोकेगी नहीं, बल्कि मेरे साथ जाएगी। पूरी सुरक्षा देगी ! बस देखते जाओ और इंतजार करो 26 नवंबर का। मिलते हैं संविधान दिवस पर !! बेटी मैं बाबा साहब की

रोहिणी ने एक अन्य पोस्ट में लिखा कि 'मंच चंद्रशेखर का, लोग चंद्रशेखर के, लेकिन शपथ डॉ. रोहिणी घावरी की! मंच पर आकर तेरे साथ ही बैठूंगी, स्पीच भी दूंगी। यही सपना था ना तेरा कि हम एक मंच पर होंगे। वो सपना अब मैं पूरा करूंगी। देखते जा अब तमाशा। हिम्मत है तो रोक के बता देना।

# एसआईआर में लगीं महिला बीएलओ से अश्लील बातें कर रहे मनचले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एसआईआर का काम महिला कर्मचारियों के लिए अब परेशानियों का कारण बनता जा रहा है। जटिल प्रक्रिया के तहत मतदाताओं तक पहुंचकर फार्म भरवाने में जुटी महिला बीएलओ एवं अन्य सहायिकाओं को फोन लगाकर कुछ असामाजिक तत्व अश्लील बातें कर रहे हैं। इसके कारण वे काफी परेशान हो गई और उन्हें अपना मोबाइल तक बंद करना पड़ा है। साथ ही इसकी शिकायत जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस की महिला हेल्पलाइन पर भी की गई है।**

सर्वे के लिए दिए जाने वाले मतदाता फार्म में इन महिला बीएलओ का मोबाइल नंबर अंकित होने से आसानी से लोगों तक नंबर पहुंच रहे है। मध्य प्रदेश के साथ ही 12 राज्यों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया जारी है। इंदौर में भी 2625 पोलिंग बूथों पर बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) और सहायक मतदाताओं के फार्म भरवाने में जुटे हैं। इसमें शिक्षिकाओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है, लेकिन यह कार्य महिलाओं के लिए परेशानी का सबब बन रहा है।

माध्यमिक स्कूल की एक शिक्षिका को एक युवक द्वारा तीन दिन तक अलग-अलग नंबरों से फोन लगाकर परेशान किया गया। इससे परेशान होकर उन्होंने महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 पर संपर्क किया। इसके बाद 112 से उन्हें फोन आया और शिकायत सुनी गई। शिक्षिका ने अधिकारियों से भी शिकायत की है। उन्होंने बताया कि फार्म जमा करने के लिए लोगों से संपर्क करना पड़ता है। एक अज्ञात नंबर से फोन आया, उन्होंने कहां कि हमारा काम कर दोगे।

मुझे लगा एसआईआर से जुड़ा मामला होगा, इस पर मैंने हां कर दी। इसके बाद बीएलओ से बात करवाई, तो अश्लील शब्द बोलने लगा। तीन बार फोन आया और वह इसी तरह बात करने लगा। उसका मोबाइल नंबर ब्लाक कर दिया तो अगले दिन सुबह 7.30 बजे नए नंबर से फोन लगाने लगा। इसके अलावा कई अन्य शिक्षिकाएं भी हैं, जो इस तरह की परेशानी का सामना कर रही है। कई लोग उन्हें देर रात फोन लगाकर परेशान कर रहे हैं। इंदौर जिले में दो हजार से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी एसआईआर के कार्य में लगी है। इनमें करीब 50 प्रतिशत महिला शिक्षिकाएं हैं। ये स्कूलों में बच्चों को पढ़ाना छोड़कर एसआईआर के काम में जुटी हैं। विद्यार्थियों को भी शिक्षक नहीं होने के कारण परेशान होना पड़ रहा है। कई स्कूलों में तो ताले तक लग गए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार वार्षिक परीक्षा के परिणामों में भी इसका प्रभाव देखने को मिलेगा।

# बदमाशों ने डीजे की गाड़ी तोड़ी-घर पर पथराव किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** द्वारकापुरी इलाके में रविवार देर रात बदमाशों ने डीजे की गाड़ी और एक घर पर हमला किया। आरोपी अवैध वसूली को लेकर धमकियां दे रहे थे। पुलिस ने गाड़ी मालिक की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात ऋषि नगर इलाके में हुई। डीजे मालिक कृष्णा साहू के घर के बाहर उनकी गाड़ी खड़ी थी। करीब 1 बजे बदमाश वहां पहुंचे और लोहे की टॉमी और पत्थरों से गाड़ी का कांच तोड़ दिया।साथ ही आरोपियों ने पास के करोसिया परिवार के घर पर भी पथराव किया। घर के बरामदे में पत्थर गिरे, कांच फूटे और गमले गिर गए। सीसीटीवी फुटेज में दो से अधिक बदमाश वारदात करते और भागते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, एक दिन पहले ही कुछ बदमाशों ने डीजे की गाड़ी चलाने को लेकर कृष्णा साहू को धमकाया था।

# फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर के आजाद नगर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवार के मुताबिक, 19 वर्षीय चंदू रात में सभी के साथ बाहर के कमरे में बैठा था। इसी दौरान वह अचानक उठकर अंदर चला गया। करीब रात 12 बजे जब परिजन ने उसे आवाज दी और कोई जवाब नहीं मिला, तो पीछे की खिड़की से देखने पर वह फंदे पर लटका मिला। आजाद नगर पुलिस के अनुसार, चंदू (19) पुत्र राकेश, निवासी भील कॉलोनी ने अपने ही घर में फांसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। परिजन उसे तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चंदू के चाचा कैलाश ने बताया कि परिवार के सदस्य रात में लकड़ी जलाकर ताप ले रहे थे और चंदू भी उनके साथ बैठा था। लगभग 10:30 बजे वह अचानक उठकर अंदर चला गया। दरवाजा न खोलने पर परिजन ने खिड़की से देखा, जहां वह फंदे पर लटका मिला। बाद में दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारा गया। परिवार ने बताया कि चंदू मिस्त्री का काम करता था और घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन इस बात से अनभिज्ञ हैं कि उसने यह कदम क्यों उठाया। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच में जुटी हुई है, ताकि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा सके।

# एक दिवसीय युवा संगम कार्यक्रम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शासन के निर्देशानुसार इन्दौर जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों में नौकरी दिलाने के लिए लगातार रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय इन्दौर द्वारा आयोजित युवा संगम कार्यक्रम के अन्तर्गत इस रोजगार मेले में सैकड़ों युवाओं को नौकरी दिलायी जा रही है। इसी के तहत 01 दिसम्बर 2025 को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स अटल बिहारी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में भँवरकुआं इन्दौर में प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा।

# दोस्ती के लिए बना रहा था छात्रा पर दबाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। तिलक नगर इलाके में एक छात्रा को लगातार परेशान करने के मामले में करणी सेना के पदाधिकारियों ने रविवार को एक युवक को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। आरोपी की पहचान हमस शेख निवासी संचार नगर के रूप में हुई है।**

छात्रा का आरोप है कि कॉलेज में साथ पढ़ रहा हमस कई दिनों से उसका पीछा कर रहा है और जबरन दोस्ती का दबाव बना रहा है। तिलक नगर थाना पुलिस ने रात में ही लड़की की शिकायत और मौके पर मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी हमस शेख के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। अब पुलिस द्वारा परिजनों और छात्रा के बयान भी लिए जा रहे हैं। करणी सेना के पदाधिकारी मानसिंह राजावत के मुताबिक छात्रा ने कॉल कर उनके कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी रोज उसे परेशान करता है और रविवार को बातचीत के नाम पर पिपल्याहाना ब्रिज पर मिलने के लिए बुला रहा है। करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने छात्रा को उसी जगह जाने की सलाह दी, जहां आरोपी ने बुलाया था। जैसे ही छात्रा पहुंची, हमस ने उसे जबरदस्ती कार में बैठाने का प्रयास किया। इसी दौरान करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने उसे पकड़ लिया और मौके पर ही पिटाई कर तिलक नगर पुलिस को सौंप दिया। पूछताछ में आरोपी ने कहा कि वह छात्रा से 'प्यार करता है' और इसलिए उसका पीछा करता था।

# फोटोग्राफर का मोबाइल लूटकर भागने वाले बाइक सवार दो बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। खजराना में एक फोटोग्राफर का मोबाइल लूटकर भागने वाले बाइक सवार दो बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपियों के पास से 10 लूट के मोबाइल बरामद हुए हैं। आरोपी उस समय मोबाइल लेकर भागे जब फोटोग्राफर अपने भाई के लिए मोबाइल से रोबोट चौराहे के पास रैपिडो बुक कर रहा था।**

खजराना टीआई मनोज सेंधव ने प्रकाश माली और सुखेदव निवासी बड़नगर की शिकायत पर मोबाइल लूट के मामले में एफआईआर की थी। इस मामले में पुलिस ने सलमान उर्फ मच्छी उर्फ अमान पुत्र सलीम शेख निवासी सुपारी गली जल्ला कॉलोनी और साहिल उर्फ चिंटू पुत्र शकूर खान निवासी जल्ला कॉलोनी को पकड़ा है।

प्रकाश ने बताया था कि वह उज्जैन के बड़नगर का रहने वाला है। शादियों में फोटोग्राफर का काम करता है। यहां पर अपने भाई प्रवीण के साथ साहिल रेसीडेंसी जाने के लिए खड़ा था। इस दौरान रैपिडो बुक रहा था। तभी बदमाश वहां बाइक से पहुंचे थे। उन्होंने मोबाइल पर झपट्टा मारा ओर फरार हो गया। जब उनका पीछा करने लगे तो एक अन्य युवक सुखदेव के भी मोबाइल लूट की जानकारी मिली। पुलिस ने इस मामले में सीसीटीवी निकाले। इसके बाद सोमवार को दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। टीआई के मुताबिक सलमान सब्जी का ठेला लगाने का काम करता है। वहीं साहिल ऑटो रिक्शा चलाता है। दोनों अपने शौक मौज पूरे करने के लिए लूट की वारदात करते थे। आरोपियों से लूट के मामले को लेकर पूछताछ की जा रही है।

# अभिनेता स्व. धर्मेंद्र का अभिनय सदैव अविस्मरणीय रहेगा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने फिल्म अभिनेता श्री धर्मेन्द्र के निधन पर किया दुःख व्यक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय सिनेमा के महान अभिनेता श्री धर्मेन्द्र के निधन पर गहन दुःख व्यक्त करते हुए उन्हें मध्यप्रदेश सरकार की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि सिनेमा जगत को समृद्ध करने में उनका योगदान अद्वितीय रहा है। उनका अभिनय सदैव अविस्मरणीय रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से




दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजन, प्रशंसकों और शुभचिंतकों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व. श्री धर्मेन्द्र भारतीय सिनेमा के ऐसे महान कलाकार थे, जिन्होंने अपनी सहज, प्रभावशाली और करिश्माई अभिनय शैली से दर्शकों के दिलों पर राज किया। स्व. श्री धर्मेंद्र भारतीय सिनेमा जगत के हर दौर में लोकप्रिय, अनूठे और सुपरहिट अभिनेताओं में शामिल हैं। शोले जैसी कालजयी फिल्म सहित कई फिल्मों में उनकी भूमिकाओं को सदैव याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि स्व. श्री धर्मेन्द्र का योगदान सिर्फ फिल्मों तक सीमित नहीं था, उनका विनम्र स्वभाव, सरल हृदय, देशभक्ति और सामाजिक मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता उन्हें एक महान और अनुपम व्यक्तित्व का स्वामी बनाती थीं।

## एक सप्ताह में 1 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध शराब और वाहन जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश पुलिस ने अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और विक्रय के विरुद्ध प्रदेश भर में चलाए जा रहे 'जीरो टॉलरेंस' अभियान के तहत बीते एक सप्ताह में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। पुलिस की निरंतर और सटीक कार्यवाहियों के परिणामस्वरूप राज्य के विभिन्न जिलों से लगभग 1 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अवैध शराब, वाहन और अन्य सामग्रियां जब्त की गई हैं। इन कार्रवाइयों ने शराब माफियाओं के नेटवर्क को गंभीर रूप से प्रभावित किया है और उनकी अवैध गतिविधियों पर आर्थिक चोट पहुँचाई है। अलीराजपुर- जिले में थाना अम्बुआ पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में 1330 पेटी (लगभग 15 हजार 960 लीटर) अवैध शराब और एक ट्रक सहित कुल 62 लाख 56 हजार रुपये का मशरूका जब्त किया है। यह कार्रवाई इस माह की सबसे बड़ी जब्तियों में से एक है। भोपाल- राजधानी भोपाल में भी पुलिस ने शराब तस्करों पर नकेल कसते हुए महत्वपूर्ण सफलताएं हासिल कीं। थाना कमला नगर पुलिस ने एक वाहन से विभिन्न ब्रांड की 25 पेटियाँ व बीयर सहित कुल 20 लाख रुपये का मशरूका बरामद किया है। वहीं, थाना खजूरी सड़क पुलिस ने 40 लीटर अवैध शराब व एक कार सहित लगभग 1 लाख 49 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की। शिवपुरी- जिले की थाना करैरा पुलिस ने 24 पेटी देशी शराब, बोलेरो और कार सहित कुल 14 लाख 20 हजार रुपये का मशरूका जब्त किया।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय जल पुरस्कार पाने वाले जिलों के कलेक्टर्स को वाटर शेड महोत्सव में दी बधाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा विगत 18 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित छठवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार वितरण समारोह में मध्यप्रदेश के तीन जिलों को उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित या गया था। इस विशिष्ट उपलब्धि पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को भोपाल में आयोजित वाटर शेड महोत्सव में जल संचय के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने वाले जिला लेक्टर्स एवं संबंधित अधिकारियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को मिला यह सम्मान सरकार के सतत प्रयासों, नवाचारों और जल संरक्षण की दिशा में समाज एवं प्रशासन के साझा संकल्प का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इन उपलब्धियों से अन्य जिले भी प्रेरित होंगे और जल संवर्धन, जल सुरक्षा तथा जन भागीदारी आधारित विकास का यह सफल मॉडल पूरे प्रदेश में और मजबूत होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी से जल संरक्षण के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को अग्रणी राज्य बनाने में निरंतर योगदान देने की अपील की है।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्वारा खरगोन जिले को सर्वश्रेष्ठ जिला श्रेणी (West Zone) में प्रथम पुरस्कार, खंडवा जिले को जल संचय–जन भागीदारी पहल (Western Zone) में प्रथम पुरस्कार तथा नगर पालिका परिषद गुना, जिला गुना को Best Urban Local Body श्रेणी में प्रथम पुरस्कार दिया गया है।

## भारत की ताकत, गांवों-पंचायतों और जनसामान्य की सामूहिक शक्ति में निहित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय व्यवस्था की मूल आत्मा स्थानीय स्वशासन रही है। हमारे यहां शासन गांव से शुरू होकर राष्ट्र की ओर बढ़ने वाला रहा है। इसी का परिणाम है कि भारतीय चिंतन में गांव को स्वराज और आत्मनिर्भरता की प्रथम इकाई माना गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जब आत्मनिर्भर भारत और सुशासन का दृष्टिकोण रखा, तब उन्होंने स्पष्ट कहा था कि भारत की ताकत उसके गांवों, पंचायतों और जनसामान्य की सामूहिक शक्ति में निहित है। आत्मनिर्भर पंचायत-समृद्ध मध्यप्रदेश विषय पर आयोजित यह वर्कशॉप, ग्राम स्वराज, स्थानीय आत्मनिर्भरता और विकसित भारत@2047 के लिए उठाया गया निर्णायक कदम है। गर्व का विषय है कि पंचायतों को प्रशासनिक रूप से दक्ष, वित्तीय रूप से सक्षम और सामुदायिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की ठोस रणनीति तैयार करने की इस यात्रा का नेतृत्व प्रदेश के पंचायत प्रतिनिधि कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पंचायत संस्थाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। जिला पंचायत और



जनपद पंचायतों के उपाध्यक्ष अभी शिक्षा समितियों के अध्यक्ष होते हैं, लेकिन निरीक्षण के दौरान उनके सुझावों को शामिल नहीं किया जाता है। लेकिन अब उनके द्वारा किए विद्यालय के निरीक्षण और सुझावों को लिपिबद्ध किया जाएगा और शासन इन्हें अमल में लेकर कार्य करेगा। राज्य सरकार ने सरपंचों को पंचायत की गतिविधियों के लिए 25 लाख रूपए तक की राशि खर्च करने का अधिकार दिया है। यह तो केवल शुरुआत है, इस दिशा में आगे भी और पहल की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पंचायतों को आत्मनिर्भर व समृद्ध बनाने के लिए आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटर शेड विकास 2.0 के अंतर्गत वॉटर शेड महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों, सहयोगी संस्थाओं और नॉलेज पार्टनर संस्थाओं को पुरस्कृत भी किया। पुरस्कृत अधिकारियों और संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री डॉ. यादव का समूह चित्र भी हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यशाला में पंचायत और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह सहित बड़ी संख्या में जन-प्रतिनिधि, विषय-विशेषज्ञ व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

## सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुसी पिकअप के परखच्चे उड़े

● दो दोस्तों ने मौके पर ही दम तोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर, एजेंसी।** भैरुंदा-सीहोर मुख्य मार्ग पर ग्राम सिंहपुर के पास शनिवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। रात करीब 11:30 बजे एक तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसे में दो दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिकअप में लदी भैंस भी मारी गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक सड़क किनारे खड़ा था। इछावर की ओर से आ रही बोलेरो पिकअप तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और ट्रक कुछ दूरी तक खिसक गया।

पिकअप में सवार अजय बारेला निवासी ग्राम सिराली और सीताराम निवासी ग्राम कुरी की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही पिकअप में लादकर ले जाई जा रही भैंस भी हादसे में मारी गई। पिकअप चालक हालांकि घायल तो नहीं हुआ लेकिन सदमे में था। सूचना मिलने पर लाड़कुई चौकी पुलिस और भैरुंदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और ग्रामीणों ने जेसीबी की मदद से दोनों शवों को बाहर निकाला।

**IAS बोले-**

## ब्राह्मण बहू दान में मिलने तक जारी रहे आरक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** **अजाक्स के प्रांताध्यक्ष संतोष वर्मा का विवादित बयान सामने आने के बाद बवाल शुरू हो गया है। रविवार को आयोजित प्रांतीय अधिवेशन में वरिष्ठ IAS अधिकारी और नवनिर्वाचित प्रांताध्यक्ष वर्मा ने कहा कि "जब तक मेरे बेटे को कोई ब्राह्मण अपनी बेटी दान नहीं देता या उससे संबंध नहीं बनता, तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए।" इस बयान का वीडियो सामने आने के बाद विरोध तेज हो गया है।**

मंत्रालय सेवा अधिकारी-कर्मचारी संघ के अध्यक्ष इंजीनियर सुधीर नायक ने इसे "घोर आपत्तिजनक और सवर्ण समुदाय का अपमान" बताते हुए IAS आचरण नियमों के तहत कार्रवाई की मांग की है। 23 नवंबर को सेकंड स्टॉप, तुलसीनगर स्थित अंबेडकर मैदान में अजाक्स का प्रांतीय अधिवेशन हुआ था। इसी कार्यक्रम में संतोष वर्मा ने यह टिप्पणी की थी, जिसका वीडियो अब सामने आया है। नायक ने कहा कि बेटी कोई वस्तु नहीं है जिसे दान दिया जाए। शादी निजी निर्णय है, और इसे आरक्षण से जोड़ना अनुचित है।

नायक ने कहा कि समाज में



बड़ी संख्या में अंतर्जातीय और आरक्षित-अनारक्षित वर्गों के बीच विवाह हो रहे हैं।उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने सविता अंबेडकर से, और रामविलास पासवान ने रीना शर्मा से विवाह किया था।नायक का कहना है कि "ऐसे बयान तब दिए जा रहे हैं जब आरक्षण के पक्ष में ठोस तर्क कम पड़ रहे हैं।

अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष पुष्पेंद्र मिश्र ने कहा है कि IAS अफसर का बयान अखिल भारतीय सेवा आचरण के विरुद्ध तथा ब्राह्मण सम्मान के साथ खिलवाड़, अमर्यादित व आपत्तिजनक है। बीजेपी की सरकार में जहां लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना योजना चलाई जाती हो, प्रधानमंत्री 'बेटी–बचाओ, बेटी–बढ़ाओ' अभियान चलाते हों, उस सरकार में एक अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी द्वारा बेटियों के संबंध में अनर्गल टिप्पणी असंसदीय वक्तव्य देना ठीक नहीं है।

## संपादकीय

# चुनावी पारदर्शिता पर बड़ी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र और अन्य पक्षों से एक याचिका पर जवाब मांगा है। याचिका में इनकम टैक्स एक्ट के उस प्रावधान को चुनौती दी गई है, जो राजनीतिक दलों को 2,000 रुपये से कम के गुमनाम नकद चंदे लेने की अनुमति देता है। याचिका में कहा गया है कि पारदर्शिता की यह कमी चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता को कमजोर करती है, क्योंकि यह मतदाताओं को राजनीतिक फंडिंग के स्रोत यानी डोनरों और उनके उद्देश्यों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी से वंचित करती है। इससे वोटरों को यह पता नहीं चल पाता कि राजनीतिक दलों को पैसा कौन दे रहा है और उसका उद्देश्य क्या है। याचिका में आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 13ए के क्लॉज (d) को असंवैधानिक घोषित करने की मांग है। याचिकाकर्ता ने यह भी मांग की है कि चुनाव आयोग नियम बनाए कि कोई भी राजनीतिक दल नकद में पैसा न ले सके। सभी दलों को चंदा देने वालों का नाम और पूरा विवरण सार्वजनिक करना अनिवार्य हो। किसी भी राजनीतिक दल के पंजीकरण और चुनाव चिह्न आवंटन की शर्त के रूप में यह तय किया जाए कि कोई भी दल किसी भी राशि को नकद रूप में स्वीकार न कर सके। साथ ही, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) पिछले पांच साल के आयकर रिटर्न और ऑडिट रिपोर्ट की जांच करे और जरूरत पड़े तो टैक्स, पेनल्टी और कानूनी कार्रवाई शुरू करे। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि चार हफ्ते बाद इस मामले की अगली सुनवाई होगी। याची की ओर से पेश सीनियर वकील विजय हंसारिया से कोर्ट ने पूछा कि उन्होंने पहले हाई कोर्ट का रुख क्यों नहीं किया। पहले हाई कोर्ट को इस पर विचार करने दें। हंसारिया ने जवाब दिया कि याचिका देशभर के सभी राजनीतिक दल और उनकी फंडिंग से जुड़े मुद्दों को लेकर है। इस पर बेंच ने याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई और बीजेपी, कांग्रेस सहित कई राजनीतिक दलों के साथ-साथ केंद्र और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किए। याचिका में कहा गया है कि गुमनाम नकद चंदे से वोटरों के सूचना के अधिकार का उल्लंघन होता है। UPI और डिजिटल पेमेंट बढ़ने के बाद नकद चंदे की जरूरत नहीं रही, इसलिए यह व्यवस्था अब मनमानी और अनुचित है। अर्जी में सुप्रीम कोर्ट के 2024 के फैसले में इलेक्ट्रोरल बॉन्ड स्कीम रद्द होने का भी हवाला दिया गया है। याचिका में कहा गया कि राजनीतिक दलों ने 2024 और 2025 में जो योगदान रिपोर्ट दी, उनमें कई जगह अधूरी जानकारी दी गई है, जिससे पारदर्शिता प्रभावित होती है।

## Health is Wealth

# सिर के एक तरफ दर्द?
# हो सकती है ये गंभीर समस्या
## इन संकेतों को न करें नजरअंदाज



सिरदर्द होना एक आम बात है और यह किसी वजह से हो सकता है। अगर आपने पूरे दिन खाना नहीं खाया, लंबे समय से किताब पढ़ रहे हैं, मोबाइल पर ज्यादा समय बिता लिया या फिर किसी बात को लेकर चिंता हो जाए, तो सिरदर्द होने लगता है। कई बार तो हम सभी सिरदर्द को गंभीर बिल्कुल नहीं लेते हैं। ऐसे ही एक तरफ सिरदर्द की समस्या कोई सीरियस नहीं लेता है। लोगों को यही लगता है कि एक तरफ सिरदर्द हो रहा है, बाद में ठीक हो जाएगा। क्या आपके मन में सवाल आया कि एक तरफ सिर में दर्द होना किसी बीमारी का संकेत नहीं है। आइए आपको बताते हैं एक तरफ सिरदर्द किसी खतरे की घंटी तो नहीं।

## एक तरफ सिरदर्द किसी खतरे की घंटी तो नहीं?

वैसे एक तरफ सिरदर्द होना किसी तरह की गंभीर बीमारी की ओर संकेत नहीं होता है। हालांकि, सिरदर्द के कारणों की बात करें, तो इसमें माइग्रेन, टेंशन हेडेक। इस बात का ध्यान रखना कि कभी-कभी एक तरफ सिरदर्द होना किसी खतरे से कम नहीं है। अगर किसी को लंबे समय से एक तरफ सिरदर्द हो, उन्हें अन्य लक्षणों पर ध्यान देना भी जरुरी है। यदि किसी को एक तरफ सिरदर्द के साथ ही गर्दन में स्टिफनेस, उल्टी और कंफ्यूजन हो और नजर भी धुंधली हो, तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।

## एक तरफ सिरदर्द होने के क्या कारण होते हैं?

### माइग्रेन

एक तरफ सिरदर्द होने के मुख्य कारण माइग्रेन हो सकता है। माइग्रेन का दर्द चुभने वाला महसूस होता है और इस तरह के दर्द की वजह से लाइट की रोशनी में भी दिक्कत होने लगती है।

### टेंशन हेडेक

अक्सर इस तरह के दर्द सिर की एक तरफ होता है। इस दर्द में महसूस होता है कि जैसे सिर के एक साइड में तेज दबाव। स्ट्रेस, खराब पोस्चर और थकान की वजह से भी हो सकता है।

### साइनस की समस्या

कई बार साइनस की वजह से भी सिर की एक तरफ दर्द बना रहता है। आपको बता दें कि साइन होने पर पूरे पर चेहरे दबाव बनता है, जिस कारण से माथे और आंखों के पीछे भी दर्द का एहसास होता है।

## डॉक्टर को कब दिखाएं

### ● दर्द का आना-जाना

यह ध्यान देने वाली बात है कि अगर सिर के एक हिस्से में होने वाला दर्द बार-बार आए और जाए, और उसका तीव्रता भी अधिक हो, तो इसे बिल्कुल भी नजरअंदाज न करें। ऐसी स्थिति किसी गंभीर समस्या का संकेत हो सकती है, इसलिए तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेना जरूरी है।



### ● अचानक से दर्द होना

यदि आपके सिर में एक तरफ अचानक से तीव्र दर्द शुरु हो गया है, तो बेहतर होगा है कि आप समय पर प्रोफेशनल से संपर्क करें। अचानक से दर्द होने वाला सामान्य नहीं होता है।

### ● अक्सर दवा लेना

अगर आप अक्सर एक साइड हो रहे सिरदर्द की दवा लेते हैं, तो यह सही संकेत नहीं है। इससे पता चलता है कि आपको फ्रिक्वेंटली इस तरह की दिक्कत होती है।

New Delhi

# मिलिट्री यूनिफॉर्म के गलत इस्तेमाल को लेकर आर्मी सख्त, जारी की एडवाइजरी, गाइडलाइन के उल्लंघन पर एक्शन

**नई दिल्ली, (एजेंसी) मिलिट्री यूनिफॉर्म का कोई गलत इस्तेमाल ना करे और इससे सुरक्षा के लिए खतरा पैदा ना हो, इसलिए भारतीय सेना ने यूनिफॉर्म को लेकर फिर से एडवाइजरी जारी की है। साथ ही कहा है कि गाइडलाइन का उल्लंघन करने पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सेना ने सभी कमांड और फॉर्मेशंस से ये सुनिश्चित करने को कहा है कि इस्तेमाल हो चुकी मिलिट्री यूनिफॉर्म को रीसाइकल करने के लिए किसी भी निजी संस्था या व्यक्ति को न दी जाए, इस पर पूरी तरह से रोक लगे।**



सेना सूत्रों के मुताबिक ये कदम इसलिए उठाया गया है क्योंकि मिलिट्री यूनिफॉर्म के अनधिकृत इस्तेमाल से सुरक्षा को खतरा हो सकता है और सेना की गरिमा भी प्रभावित हो सकती है।

सेना मुख्यालय स्थित इक्विपमेंट मैनेजमेंट निदेशालय की तरफ से ये अडवाजरी भेजी गई है। इसमें कहा गया है कि भारतीय सेना अपनी यूनिफॉर्म को सम्मान, पहचान और संस्थागत गर्व का प्रतीक मानती है। इनका किसी भी तरह से दुरुपयोग सेना के गौरव और मनोबल पर नकारात्मक असर डाल सकता है। यूनिफॉर्म के सही इस्तेमाल को लेकर ड्रेस रेगुलेशंस 2018 है, जिसके अनुसार ही यूनिफॉर्म का इस्तेमाल किया जाता है।

Madhya Pradesh

## युवती को कैफे में मुलाकात के लिए बुलाया, गैंगरेप के बाद धमकाकर छोड़ा

**सिवनी, (एजेंसी) मध्य प्रदेश के सिवनी में गैंगरेप का रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां 20 साल की युवती को कैफे में बुलाकर सामूहिक दुष्कर्म किया गया. घटना सिवनी के डूंडा सिवनी थाना इलाके की है. युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके जान पहचान के एक युवक ने 22 नवम्बर की रात उसे कंडीपार रोड के एक कैफे में मिलने के लिए बुलाया था.**

युवती ने बताया कि यहां उसके साथ आरोपी समेत उसके तीन दोस्तों ने रेप किया. इसके बाद उसे किसी की ना बताने की धमकी देते हुए देर रात बस स्टैंड ले जाकर छोड़ दिया. पीड़ित युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपियों जेल भेज दिया गया है.

मामले को लेकर डूंडा सिवनी थाना प्रभारी चैन सिंह उइके ने फोन पर बताया कि 22 नवंबर की रात एक परिचित युवक ने 20 साल की युवती को कैफे में मुलाकात के लिए बुलाया, जहां उसके तीन दोस्तों समेत कुल 4 लोगों ने युवती से दुष्कर्म किया. फिलहाल, सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है.

New Delhi

## दिल्ली के आसमान में ज्वालामुखी वाली आफत से क्या-क्या असर, पलूशन भी बढ़ेगा?

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** उत्तरी इथोपिया में हजारों सालों के बाद एक ज्वालामुखी के सक्रिय होने के बाद राख का गुबार कई देशों को पार करते हुए अब भारत तक पहुंच चुका है। देर रात करीब 11 बजे राख दिल्ली तक पहुंच गया। दिल्ली के अधिकतर हिस्सों में आसमान में यह बादल की तरह यह राख फैल गया है।

करीब 10 हजार साल बाद फटे हैली गुब्बी ज्वालामुखी से निकला राख पिछले 24 घंटे में लाल सागर और मिडिल ईस्ट के आसमान में छा गया है। इसके बाद यह उत्तर-पश्चिमी भारत की ओर तेजी बढ़ा। मौसम विभाग इस पर नजर रख रहा है। राख की मोटी बरत, सल्फर डाइऑक्साइड और पत्थर के कण राजस्थान, दिल्ली, गुजरात, पंजाब आदि राज्यों में फैल गए हैं।



भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के डायरेक्टर जनरल एम मोहापात्रा ने एचटी को बताया कि दिल्ली के प्रदूशन स्तर पर ज्वालामुखी की राख का बहुत अधिक असर की संभावना कम है क्योंकि यह बहुत अधिक ऊंचाई पर है। एयर क्वालिटी पर उन्होंने कहा, 'यह साफ नहीं है कि क्या यह एयर क्वालिटी पर असर डालेगा। लेकिन ज्यादा असर की संभावना कम है क्योंकि राख बहुत ऊंचाई पर है।'

New Delhi

## उत्तर भारत में बढ़ने लगी सर्दी, कश्मीर में माइनस 5 डिग्री पहुंचा तापमान



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** बारिश के बाद उत्तर भारत अब सर्दी की चपेट में आते जा रहा है। कश्मीर घाटी में कई जगहों पर न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे पहुंच गया है। पंजाब में भी कुछ जगहों पर पारा पांच डिग्री सेल्सियस से नीचे गोता लगा रहा है। वहीं, बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र के कारण तमिलनाडु समेत दक्षिण भारत के तीन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में बारिश का प्रकोप बना हुआ है। कुछ तटीय जिलों में तेज बारिश को लेकर ऑरेंज और कुछ में यलो अलर्ट जारी किया गया है।

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में रविवार की रात इस सीजन की सबसे सर्द रात रही और पारा शून्य से 3.2 डिग्री नीचे दर्ज किया गया। कश्मीर घाटी में शोपियां माइनस 5.1 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे ठंड रहा। पुलवामा में न्यूनतम तापमान शून्य से पांच डिग्री नीचे रहा, जबकि अनंतनाग में माइनस चार डिग्री और उत्तर कश्मीर के गुलमर्ग में माइनस 1.9 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। कश्मीर को लद्दाख से जोड़ने वाले जोजिला पास में पारा लुढ़कर शून्य से 16 डिग्री नीचे चला गया है।

पंजाब और हरियाणा में भी कड़ाके की ठंड ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। सोमवार को पंजाब के फरीदकोट में सबसे कम 4.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। रविवार को भी फरीदकोट सात डिग्री तापमान के साथ प्रदेश में सबसे ठंडा स्थान रहा।

खेल

# चीनी ताइपे को हराकर भारतीय महिला टीम बनी कबड्डी विश्व कप की विजेता

### पीएम मोदी ने दी बधाई

**ढाका, (एजेंसी)** भारतीय महिला कबड्डी टीम ने सोमवार को कबड्डी विश्व कप के फाइनल मुकाबले में चीनी ताइपे को 35-28 से हराकर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। भारत ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन फॉर्म दिखाया। ग्रुप चरण के सभी मैच जीतकर टीम सेमीफाइनल में पहुंची, जहां उसने ईरान को 33-21 से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। चीनी ताइपे भी अपने ग्रुप में अपराजित रही और सेमीफाइनल में मेजबान बांग्लादेश को 25-18 से हराकर फाइनल में पहुंची थी।



भारतीय महिला कबड्डी टीम की ऐतिहासिक जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, कबड्डी विश्व कप 2025 जीतकर देश को गर्व महसूस कराने के लिए हमारी इंडियन विमेंस कबड्डी टीम को बधाई!

भारतीय टीम की जीत पर बात करते हुए हरियाणा स्टीलर्स के मुख्य कोच मनप्रीत सिंह ने भारतीय टीम की तारीफ करते हुए कहा, 'महिला टीम ने ऐसा प्रदर्शन किया है जिस पर पूरा देश गर्व कर सकता है। टीम का आत्मविश्वास और सामूहिक खेल लाजवाब था। एक पूर्व भारतीय खिलाड़ी होने के नाते मैं जानता हूं कि इस स्तर तक पहुंचना कितना मुश्किल होता है। खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को ढेरों बधाई।'

### पुनेरी पल्टन के कोच ने जताई खुशी

वहीं, पुनेरी पल्टन के मुख्य कोच अजय ठाकुर ने कहा, 'ढाका में महिला टीम ने लगातार दूसरा विश्व कप अपने नाम किया, यह भारत के लिए बेहद गर्व का क्षण है। उनकी शानदार रन और दमदार प्रदर्शन से पता चलता है कि पिछले कुछ वर्षों में महिला कबड्डी कितनी आगे बढ़ी है। यह खेल की वैश्विक लोकप्रियता का भी प्रमाण है, और मुझे उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में यह गति और बढ़ेगी।'

सिनेमा

## 'पापा को मरते नहीं देख सकता', जब बॉबी ने कहा था, धर्मेंद्र की मौत का सीन देख खूब रोए



बॉलीवुड के 'ही-मैन' धर्मेंद्र ने हम सभी को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया है. 24 नवंबर के दिन उनके परिवार द्वारा उनका अंतिम संस्कार किया गया. इस दौरान एक्टर के बड़े बेटे सनी देओल काफी मायूस दिखे. धर्मेंद्र के लिए उनका परिवार काफी भावुक रहता था. जब भी उनका जिक्र होता था, दोनों बेटों की आंखें नम हो जाती थीं. सनी देओल और बॉबी देओल को अक्सर देखा गया कि वो अपने पिता की बातें करते हुए इमोशनल हो जाते थे. ऐसे अनगिनत पल हैं जब हमने धर्मेंद्र के लिए उनके बेटों को पोजेसिव होता देखा. जब धर्मेंद्र बीमार हुए थे, तब भी सनी और बॉबी काफी इमोशनल नजर आए. ऐसे में अब चूंकि उनके पिता उनके बीच मौजूद नहीं रहे, तो उनका दर्द कैसा होगा इसकी कल्पना कर पाना भी बेहद मुश्किल है. एक इंटरव्यू के दौरान एक्टर ने बताया था कि कैसे वो फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान उठकर निकल गए थे, क्योंकि वो अपने पिता को स्क्रीन पर मरते नहीं देख सके थे. बॉबी ने फिल्म 'रॉकी रानी...' में धर्मेंद्र के किरदार के लिए कहा था, 'वो किरदार अगर कोई और करता तो मजा नहीं आता. पापा ने उसे जादुई बनाया. दरअसल, जब मैं वो फिल्म देख रहा था, मुझे कहानी नहीं मालूम थी. मेरे पापा का किरदार उसमें मर जाता है, मैंने पूरी फिल्म नहीं देखी.' 'करण जौहर ने फिल्म का ट्रायल रखा था और मैं वहां अपने आंसू नहीं रोक पाया क्योंकि मेरे पापा पता नहीं, लेकिन मैं उन्हें वैसे देखकर खुद को काबू नहीं कर पाया और वहां से उठकर चला गया और फिल्म का एंड नहीं देख पाया.

## Highlights

1. Yamla, Pagla, Deewana has gone: Shinde as Dharmendra passes away
2. Actor Dharmendra, once a BJP MP, had said 'Politics wasn't for me'
3. Party to decide: Kharge on leadership change in Karnataka
4. Man leaves IT job to revive family's traditional pottery craft, says 'My income has doubled'
5. How INS Mahe could transform India's maritime warfare

# India's new labour codes may decrease your take-home salary, but raise benefits

**NEW DEIHI, (Agency).** India's new labour codes—which restructures 29 existing labour laws into four labour codes—has wide-ranging ramifications of what you earn today and save for the future.

The four new labour codes are:

Code on Wages 2019

Industrial Relations Code 2020

Code on Social Security 2020

Occupational Safety, Health & Working Conditions Code 2020

The most significant component impacting employees' salaries is the Code on Wages, 2019, which introduces a uniform and expanded definition of "wages".

How take-home salary will change under new wage rule

The new definition of "wages" mandates a critical structural change to the cost-to-company (CTC) framework. The core rule is:




Non-allowance components—basic pay, dearness allowance and retaining allowance—must constitute at least 50% of the employee's total CTC.

Allowances—house rent allowance, conveyance—are restricted. Their total cannot exceed 50% of the total remuneration. If they do, the excess amount is notionally added back to the "Wages" for calculating statutory contributions.

The shift in salary structure

Prior to the new codes, many employers kept the basic pay low (often less than 50% of the CTC) and inflated various allowances. This was done to minimise mandatory statutory contributions, as provident fund (PF) and gratuity are primarily calculated based on basic pay.

Under the new codes, companies that previously had a basic pay structure below the 50% threshold will be mandated to restructure their CTC structure.

The basic pay component will now need to increase to meet the 50% floor.

To keep the CTC unchanged, the allowance components will be reduced.

# Rupee opens 0.4% stronger against US Dollar as RBI seen propping up currency

**NEW DEIHI, (Agency).** The Indian Rupee strengthened 0.4% against the US Dollar on Monday as the Reserve Bank of India intervened to prop up the local currency. The INR-USD exchange rate stood at 89.15 as against 89.48 in the previous close.

The Reserve Bank of Indian likely intervened to support the rupee before the local spot market opened on Monday, four traders told Reuters, putting the currency on track to open above its all-time low hit on Friday.

Traders said that the RBI had likely stepped in the spot and non-deliverable



forwards market to support the South Asian currency.

Rupee @ 90?

"The rupee may easily breach 90 in the absence of the RBI," Ritesh Bhansali, deputy CEO at Mecklai Financial Services Ltd., told Bloomberg News, pointing to levels in the offshore market. He expected the central bank to step in at 90 to 90.50 per dollar to prevent a "free-fall" which might attract speculative trading. The rupee has declined 4.5% over the year so far and is among the worst-performing Asian currencies this year. Any further weakness might exacerbate outflows from local equities, while also posing future inflation risks as India is a net importer of fuel. India's trade deficit widened to a record in October, with exports to the US plummeting a second straight month after the imposition of 50% tariffs.

# फर्जी दस्तावेज बनाकर बैंकों से लिया लोन

## पुलिस ने तीन आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कनाड़िया पुलिस ने एक बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता फर्म मालिक के अनुसार आरोपियों ने उनकी कंपनी के नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार कर नगर निगम से लाइसेंस लिया और इसके बाद अलग-अलग बैंकों से लोन लेकर लाखों रुपए हड़प लिए।**

कनाड़िया पुलिस के मुताबिक हर्ष कुमार वर्मा निवासी वृंदा रेसिडेंसी लिबोंदी की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों कमल पुत्र राममिलन लोधी निवासी टीकमगढ़, रविकांत पुत्र भागीरथ प्रसाद तिवारी निवासी देवराहा दोराहा टीकमगढ़ और राहुल पुत्र नंदलाल चड़ार निवासी ड्रीम वैली के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। शिकायत में हर्ष वर्मा ने बताया कि आरोपियों ने उनकी कंपनी 'श्याम ऑटोमोटिव' के कोटेशन में छेड़छाड़ कर उसे संशोधित किया और डॉक्यूमेंट्स तैयार कर फर्जी तरीके से नगर निगम का लाइसेंस प्राप्त कर लिया।




पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने श्याम ऑटोमोटिव के नाम से एचडीएफसी बैंक महालक्ष्मी नगर शाखा में फर्जी खाता खुलवाया, जबकि इसके लिए कंपनी की तरफ से कोई अनुमति या अधिकार नहीं दिया गया था। खाता खुलवाने के लिए फर्जी पैन कार्ड, गुमाश्ता लाइसेंस, नकली सील का उपयोग किया गया। इसके बाद आरोपी बैंकों से लोन लेकर रकम लेते रहे। बैंक और कंपनी दोनों की नजरों से बचने के लिए आरोपी शोरूम के असली कोटेशन्स को एडिट करते रहे और सेल्स एक्जीक्यूटिव के नंबर हटाकर अपने नंबर डालते गए, ताकि कोई सत्यापन कॉल कंपनी तक न पहुंच सके। आरोपियों ने लोन स्वीकृत होने के बाद वाहनों की डिलीवरी के लिए कंपनी पर दबाव बनाया, जबकि कंपनी के खाते में एक भी रुपया नहीं पहुंचा था। इस दौरान कंपनी को पूरे मामले में ठगी का संदेह हुआ और दस्तावेजों की जांच के बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। कनाड़िया पुलिस के अनुसार मामले में फर्जी दस्तावेज तैयार करने, बैंक को भ्रमित करने, ठगी और साइबर छेड़छाड़ जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। पुलिस आरोपियों के बैंक लेन देन, जमा दस्तावेजों और अन्य संभावित संबद्ध लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। जल्द ही आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की पूछताछ की जाएगी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक